30/03/2025

आकाशवाणी  ईटानगर

देश के विभिन्न हिस्सों में आज चैत्र शुक्लदि, उगादि, गुड़ी पड़वा, चेटी चंद, नवरेह और साजिबू चेराओबा के पारंपरिक नववर्ष त्योहार मनाए जा रहे हैं। इस दिन से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत भी होती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वसंत ऋतु का स्वागत करने और नए साल के आगमन को चिह्नित करने के लिए मनाए जाने वाले ये त्योहार भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में एकता का प्रतीक हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने संदेश में कहा, ये त्योहार न केवल नवीनीकरण, समृद्धि और आशा का प्रतीक हैं, बल्कि  प्रकृति माता के साथ सभी का अभिन्न संबंध भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभकामनाएं देते हुए इस अवसर पर सभी नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना की।

0000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपड़ा कचरे की चुनौती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पूरी दुनिया के लिए चिंता का एक बड़ा कारण बन गया है। रविवार को आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि केवल एक प्रतिशत से भी कम कपड़ा कचरे को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है।

उन्होंने कहा, भारत दुनिया का तीसरा देश है जहां सबसे ज्यादा कपड़ा कचरा पैदा होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, पुराने कपड़ों को जल्द से जल्द निपटाने और नए कपड़े खरीदने का चलन पूरी दुनिया में बढ़ रहा है, जिससे कपड़ा बर्बाद हो रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए भारत में कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। मन की बात के इस संस्करण में, प्रधान मंत्री ने छात्रों को अपनी गर्मी की छुट्टियों के दौरान कोई शौक अपनाने और रचनात्मक चीजें करने की सलाह दी। श्री मोदी ने ऐसी ग्रीष्मकालीन गतिविधियों का आयोजन करने वाले संगठनों, स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं से अपने कार्यक्रमों को हैशटैग – माई हॉलिडेज़ के साथ साझा करने का आग्रह किया।

0000000000000000

उपमुख्यसमंत्री चाउना मेन सहित नामसाई स्थानिय विधायक चाऊ जिंगनु नामचुम ने कल नामसाई स्थित जीविका अस्पताल का उदघाटन किया। अपने समबोधन में उन्होने जीविका अस्पताल के पुरे दल के साथ डॉ सुफाजिंग नामचुम को शुभकामनाएँ देते हुए जिले के स्वस्थ देखभाल सेवा को सशक्त करने के लिए उठाए नेक पहल की प्रशंसा की। गौरतलब है की यह अस्पताल प्राचिन भारत के मशहुर चिकित्सक जीविका कोमाराभाचा से प्रेरित है। अस्पताल जनरल सर्जरी, गायनोकोलोजी, पिडियाट्रिक्स, इनफरटिलिटि ट्रिटमेंटस और डाईगोनोस्टिक जैसे विशेष चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए तैयार है। आधुनिक सुविधाओं और समर्पित डाक्टरों के दल के साथ अस्पताल का

मकसद नामसाई और अस्पताल के क्षेत्रों के लोगो को किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ सेवा मुहैय्या कराना है।

00000000000000000

तावांग में आज नकदी फसलो और पारंपरिक फसलो की खेती को बढावा देने के लिए स्थानिय विधायक नामगे सेरिंग, ने स्थानिय किसानो को हाईब्रिड सब्जियों के बिज जैविक तरल खाद विरित किए। लोगो को संबोधन करते हुए विधायक नामगे सेरिंग ने किसानो को सब्जियो की खेती कर अपने आय को बढाने को प्रोत्साहन दिया। उन्होने जैविक खेती के महत्व पर बल देते हुए रासायनिक उर्वक और कीटनाशको का उपयोग कम करने को कहा। इस कार्यक्रम के भाग के तोर पर एक तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमे कीटविज्ञान शास्त्री के.बी कायाशथा ने सब्जियो की फसलो की वैज्ञानिक तरिको से खेती करने की पध्दती पर प्राशिक्षण प्रदान किए। इसके अतिरिक्त विष्य संबध्द विशेषज्ञ( पौधो की संरक्षण) लक्ष्मीप्रिया बोराह ने सीड ट्रिटमेंट टेकनिक्स पर एक प्रदेशन दिखाया जिसमे बीज जनित रोगों को रोकने की तकनिक का प्रदर्शन किया गया।

00000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कलाकतांग में आज एक सौ छब्बीस करोड़ किमत के इक्कीस नए परियोजनाओं की नींव रखी। उदघाटन के बाद श्री खांडू ने सोशियल मिडीया के लिए जरिए कहा की इससे कलाकतांग कोनसिटूयनसी के विकास को गती मिलेगी। वही मुख्यमंत्री के राज्य के प्रगती और समृध्दि के प्रति अपनी प्रतिबध्दता दौहराई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ इंडिजिनियस अफैरस मंत्री मामा नातुंग प्रदेश भाजपा

इकाई के उध्यक्ष कालिंग मोयोंग पुर्व मुख्यमंत्री पी.के थुंगोन और अन्य गणमाण्य व्यक्ति मौजूद थे।

0000000000000000000000

राजधानी ईटानगर स्थित असामिया संगठन ने पंद्रह दिन का बिहु कार्यशाला आज से आरंभ किया। इसका मकसद युवा उत्साहियों को बिहु नृत्य, बिहु गीत और दोल बादो सिखाना है। कार्यशाला का उद्घाटन राज्य विज्ञान केंद्र में प्रमुख लेखक एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित वाई. डी थोंगची ने किया। कार्यशाला का मकसद असम के समृध्द परंपरा और संस्कृति को जानने के इच्छुक बच्चो एंव युवा प्रतिभागियों को व्यक्तिगत प्राशिक्षण देना है। ईटानगर रोंगाली बिहु सनमिलन 2025 का भव्य समारोह छब्बीस अप्रैल को डी.के स्टेट कंवेंशन सेंटर ईटानगर में निर्धारित किया है।

000000000000000000

एक भारत क्षेष्ठ भारत के अंतर्गत आज राज भवन ईटानगर में राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अन्य राज्यो के स्थापना दिवस को मनाने से राष्ट्रिय एकता, मैत्री और सदभावना को बढावा मिलता है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विजन एक भारत क्षेष्ठ भारत के अनेकता में एकता को सशक्त कर रहा है। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में राजस्थानी समुदाय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए उनके अपने सांस्कृतिक विरासत को संराक्षित करने की कोशिशो की भी

सरहाना की। नाहारलगुन स्थित ओजु कलयाण संगठन के छात्रगण इस कार्यक्रम में राज्यपाल की विशेष अतिथिगण के रूप में शामिल थे।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू इंडियन एक्सप्रेस के सौ सबसे शक्तिशाली भारतिय के सुची में इकसठ वे स्थान पर है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन इस खबर को अपने सोसल मिडीया प्लेटफोर्म में साझा करते हुए श्री खांडू को बधाई देते हुए श्री खांडू के गतिशिल नेतृत्व की तथा अरुणाचल प्रदेश के विकास और प्रगति के प्रति दृढ प्रतिबध्दता की गवाही बताई। श्री मेन ने आगे कहा की श्री खांडू के नेतृत्व मे राज्य विभिन्न सेक्टरो मे उल्लेखनिय उपलब्धि हासिल कर रहे है ।

0000000000000000000